दैनिक भास्कर जयपुर जिला चौमू 25-06-2024

फुलेरा में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

फुलेरा। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाते हुए।

भास्कर न्यूज़ | फुलेरा

रेल परिसर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय फुलेरा में सोमवार को कक्षा प्रथम का प्रवेशोत्सव प्राचार्य नरेंद्रसिंह यादव व वरिष्ठ अध्यापिका विधि माथुर की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में बच्चों एवं उनके अभिभावकों का भारतीय संस्कृति के अनुसार तिलक लगाकर एवं ताज पहनाकर स्वागत किया गया।

इसके बाद विद्यालय के बच्चों की ओर से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य नरेंद्र सिंह यादव ने बच्चों की सुरक्षा व अनुशासन संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर अशोक जांगिड़ ने आए हुए अतिथियों व बच्चों को विद्यालय संबंधी गतिविधियों से अवगत करवाया इसके पश्चात शशि बाला शर्मा ने विद्या प्रवेश की उपयोगिता पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम का मंच संचालन अध्यापिका अंजू शर्मा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन दीपिका कुमावत ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कमल कुमार, कुसुम लता, महेन्द्र कुमार, विनीता, मोहिनी, राहुल तंवर का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर अनेक अभिवावक व विद्यालय परिवार के लोग मौजूद रहे।